संक्षिप्त

श्री गुरु गोविंद सिंह जी का 368वां प्रकाश पर्व मनाया

श्रीमाधोपुर। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी मोहल्ला श्रीमाधोपुर के सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी का 368 वां प्रकाश पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। बताया गया है कि सुबह प्रकाश श्री गुरु ग्रंथ साहिब, पाठ श्री जपजी साहिब , सुखमणि साहिब पाठ, चाय का लंगर , सहज पाठ समाप्ति, आशा दी वार, शब्द कीर्तन एवं प्रवचन, आरती और अरदास तत्पश्चात 3 बजे तक गुरु का अटूट लंगर बरपाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सरदार रतन सिंह, चरण सिंह, रमेश लाल वधवा, अमरजीत सिंह, कुलदीप पंजाबी ,भीमराज पंजाबी, रामदीन चूलेट , विशाल बोहरा, सत्यनारायण सेन , बृजमोहन, नायनकाजोशी, सतीजा दक्ष, कार्तिक सपड़ा, मानस सतीजा, मनजीत सिंह सलूजा, जीत सिंह , सरदार जोगिंदर सिंह, दीनदयाल सतीजा, नरेश खुराना, गोपाल पंजाबी, नरेश पंजाबी एवं काफी तादाद में माता , बहने व बच्चे उपस्थित रहे।

अवैध बजरी से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

बौंली-बामनवास। क्षेत्र की बौंली पुलिस ने माननीय न्यायालय की अनुपालना में एवं जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि हैड कांस्टेबल दीपक कुमार व योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कांस्टेबल अरुण, धर्मवीर एवं चालक भगवान सिंह ने कार्रवाई करते हुए खटाना रोड बौंली से बिना नंबरों की एवं रवासा रोड से अवैध बनास की बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। पुलिस टीम को देखकर चालक ट्रैक्टर ट्राली को नाली में फंसा कर मौके से फरार हो गया एवं दूसरी ट्रैक्टर ट्राली को रवासा ग्राम से धारा 38 पुलिस एक्ट के तहत जब्त किया गया है।

विद्यालयों में 7 से अवकाश घोषित

अलवर। जिला कलक्टर एवं जिला आपदा एवं प्रबंधन आपदा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर एवं बढती हुई ठंड के प्रकोप तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अलवर जिले में संचालित कक्षा 1 से 8 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं का 7 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश केवल छात्रा-छात्राओं हेतु लागू रहेगा। शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि इन आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई संस्था प्रधान उक्त अवधि के दौरान कक्षा संचालन करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

प्रभात फेरी का भव्य आयोजन

निवाई। सनातन धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर विशाल भव्य प्रभात फेरी एवं नगर भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित होगा। राजेश जांगिड़ एवं योगेश जलवानिया ने बताया की 12 जनवरी को प्रभात फेरी मोरिया वाले बालाजी से जमात बडवेश्वर महादेव, शिवाजी कॉलोनी मोड, भगत सिंह कॉलोनी, सेवा बस्ती, झीलाय रोड, अहिंसा सर्किल, बस स्टैंड, मालियों का मोहल्ला, फूटी बावड़ी, नरसिंह भगवान मंदिर, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, गणगौरी बाजार होते हुए कंकाली माता मंदिर पहुंचेगी। जहां संतो के सानिध्य में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। नगर भ्रमण और प्रभात फेरी के दौरान जगह-जगह विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

किशनगढ़बास में भाजपा के पांचों मंडल अध्यक्षों की घोषणा

किशनगढ़ बास। विधानसभा किशनगढ़ बास के पांचों मंडल के अध्यक्ष पद पर भाजपा ने नए चेहरों की घोषणा कर संगठन की जिम्मेदारी सौंपी दी है। इस बार जहां 45 साल की उम्र तक के कार्यकर्ता को पार्टी ने मंडल के अध्यक्ष पद की बागडोर सोपी है। वही इस बार यादव बाहुल्य मानीं जाने वाली किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों में एक भी मंडल पर यादव को अध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं दिए जाने की घोषणा ने सबको हैरानी में ढाल चौंका दिया है।

- नव नियुक्त अध्यक्षों ने पूर्व विधायक रामहेत यादव का लिया आशीर्वाद

कोटकासिम मंडल में यादव के स्थान पर सोलू शर्मा को बनाया गया है। मोटूका में बलविंदर सिंह सिख की जगह इस बार राजकुमार औड राजपूत को जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी प्रकार किशनगढ़ बास मंडल अध्यक्ष पद पर उमेश कांत वशिष्ठ के स्थान पर मनोज मित्तल को जिम्मेदारी मिली है तो खैरथल में प्रीमिल जसोरिया के स्थान पर मनीष शर्मा को बनाया गया है। इसी प्रकार हरसोली में पूर्ण झाबूला की जगह सुरेंद्र जांगिड़ को जिम्मेदारी मिली है। नवनियुक्त अध्यक्षो ने पूर्व विधायक रामहेत यादव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व विधायक यादव ने अध्यक्षों का मुंह मीठा करा कर बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा विश्वास यादव कोटकासिम पूर्व अध्यक्ष रामनिवास यादव सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

किशनगढ़ बास मंडल अध्यक्ष पद पर उमेश कांत वशिष्ठ के स्थान पर मनोज मित्तल (बीच में) को जिम्मेदारी मिली है ।

सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक

पीपलू। उपखंड क्षेत्र के पुलिस चौकी रानोली पर सडक़ सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीण, सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्रों को झिराना थाना प्रभारी हरीमन मीणा ने सडक़ सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाने, कार में सीट बेल्ट लगाने की जानकारी देते हुए कहा कि सीट बेल्ट लगाने से दुर्घटना होने पर एयर बैक समय पर खुल जातें हैं। जिससे जीवन बचाने की सम्भावना अधिक होती है। मोटर साइकिल पर हेलमेट लगाने से आदमी सुरक्षित रहता है। इस लिए नियमों का पालन करने के लिए समझाते हुए कहां की सडक़ सुरक्षा सप्ताह में हेलमेट का चालान 1 हजार रुपए होता है। साथ ही सोशल मीडिया पर होने वाले आपराधिक मामले के लिए समझाते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसी भी तरह से ओटीपी ने आधार कार्ड नम्बर लेने के लिए कई साइबर ठग प्रयास करते है। इसलिए ओटीपी किसी को नही बताए। उन्होंने डिजिटल एरेट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सर्दी के मौसम में चोरी की वारदातों से सतर्कता रहने की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर हेलमेट लगाने की शपथ दिलाई गई। बैठक में हेड कांस्टेबल कैलाश भंडारी, कांस्टेबल सुखराम, अश्वनी, राजेंद्र व रामेश्वर सहित कई ग्रामीण मोजूद रहे।

डॉ. धर्मराज छिछोलिया को पुरुस्कृत किया

श्रीमाधोपुर। राजस्थान बलाई विकास संस्थान द्वारा आयोजित 21 वां प्रतिभा सम्मान समारोह शाहपुरा साईवाड़ मोड़. छात्रावास में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य व भाजपा वरिष्ठ नेता गणपत राम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कल्याणपुरा निवासी प्राचार्य व पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी डॉ.धर्मराज छिछोलिया द्वारा " राजस्थान के दलितों का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान " विस्तृत शोधकार्य के फलस्वरूप समाज शोध सम्मान से पुरस्कृत किया गया। संस्थान अध्यक्ष डॉ. बी.डी. नैनावत ने नववर्ष स्नेह मिलन की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए विविध क्षेत्रों में 243 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, सेवानिवृत्त आईपीएस गुरुचरण राय, कर्मचारी प्रदेशाध्यक्ष अशोक सामरिया, सयुंक्त निदेशक (वित) सुरेश कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी रतिराम बुनकर, अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटरी के महासचिव जी.एल. वर्मा, डॉ.सुनील गोठवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। गौरतलब है कि डॉ. धर्मराज छिछोलिया के विविध लेख राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुए व अपने शोधकार्य से उपाधि अर्जित की है। आपने अपने शोधकार्य में बलाई छात्रावास की नींव से वर्तमान स्थिति की विकासशील अवस्था पर प्रकाश डाला है। कार्यक्रम में प्रभुदयाल जेवरिया,डॉ. बी.डी.नैनावत, गणपत लाल नायन , राजकुमार बुनकर, नेमीचन्द पंवार, डॉ. कैलाश मोरदिया, सीताराम बुनकर, बद्रीनारायण परिहार, लल्लूराम बुनकर, गोपीराम चौहान, बंशीधर रांगेरा, साधूराम दानोदिया सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

वन एवं पर्यावरण मंत्री ने जनसुनवाई की

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज अपने निवास 201 ,रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए।

खोया-पाया

आवास संख्या 70/14 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। रमेश मो. 7878679022

लोक सूचना सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री हरिशंकर गुप्ता निवासी चांद नौली, खिरनी, सवाई माधोपुर (राज.) हाल निवासी सेक्टर 261/537 सेक्टर 26 प्रताप नगर, टोंक रोड, जयपुर ने अपने पुत्र श्री दीपक कुमार गुप्ता से उसकी बुरी आदतों के कारण सभी सम्बन्ध समाप्त कर दिए हैं। मेरे उपरोक्त मुवक्किलों ने अपने पुत्र को अपनी सभी चल-अचल सम्पत्तियों से भी विमुक्त और वंचित कर दिया है। जो कोई भी श्री दीपक कुमार गुप्ता के साथ लेन-देन करेगा, वह अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा और मेरे मुवक्किल किसी भी कार्य, कममक या लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। दीपक के किसी भी कार्य व्यवहार, लेनदेन अथवा पुलिस प्रशासन के प्रति मेरे मुवक्किल एवं उसके परिवार के अन्य सदस्यों की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। दिनांक : 06.01.2025
अनिल चौधरी (अधिवक्ता),
लॉ कंसलटेंट एण्ड एडवोकेट्स, मो. : 9413968770

कार्यालय ग्राम पंचायत महापुरा पंचायत समिति सांगानेर जयपुर
क्रमांक/ग्रा.प.म./2025/1 दिनांक-01.01.2025
ई-निविदा सूचना 10/2024-25
ग्राम पंचायत महापुरा में निर्माण कार्यों के लिए राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निधारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
NIB PEZ2425A0109, UBN NO. PEZ2425WSOB00177 TO 178
ग्राम विकास अधिकार सरपंच
ग्राम पंचायत महापुरा ग्राम पंचायत महापुरा

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमाक-5948 दिनांक-02.01.2025
जाहिर आम सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 103/CS-1/6 (एरिया 4.000 हर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन श्री गुलशन भुटानी पुत्र स्व. श्री बृजलाल भुटानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1456 दिनांक 24.05.2011 को जारी किया गया। श्री गुलशन भुटानी की मृत्यु दिनांक 31.01.2023 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती कामना भुटानी पत्नी स्व. श्री गुलशन भुटानी द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अत उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती कामना भुटानी पत्नी स्व. श्री गुलशन भुटानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राज.आवा. मण्डल जयपुर

नाम परिवर्तन
I Kamni margaret D/o John Thomas Massey Address-Jyoti Nagar, Jaipur, Rajasthan Has changed my name from Kamni Margaret to Kamni Noel for all futher purposes.

I have changed my name from Digvijay Singh to Digvijay Singh Rathore S/o Prabhu Singh for all purpose, Resi. 20 Narain Niwas, Near Narain Singh Circle, Jaipur.

I JC 340420F Sub Maj Vijaya Pal Singh Punia resident of Village-Keharpura Khurd, PO-Mohanpura, Tehsil-Chirawa, District-Jhunjhunu, State-Rajasthan has changed my son name from Divesh Punia (Old Name) to Devesh Punia (New Name) as per Affidavit Dated 03.01.2025 before Advocate Notary Kuber Singh Rathore, Jaipur

I JC 340420F Sub Maj Vijaya Pal Singh Punia resident of Village-Keharpura Khurd, PO- Mohanpura, Tehsil-Chirawa, District-Jhunjhunu, State-Rajasthan has changed my Daughter name from Pihu (Old Name) to Pihu Punia (New Name) as per Affidavit Dated 03.01.2025 before Advocate Notary Kuber Singh Rathore, Jaipur

I Suman Devi wife of JC 340420F Sub Maj Vijaya Pal Singh Punia resident of Village-Keharpura Khurd, PO-Mohanpura, Tehsil-Chirawa, District-Jhunjhunu, State-Rajasthan has changed my name from Smt. Suman Devi (Old Name) to Suman Kumari (New Name) as per Affidavit Dated 03.01.2025 before Advocate Notary Kuber Singh Rathore, Jaipur

मैं महादेव प्रसाद पुत्र हीरालाल वर्मा निवासी काबरों का बास तह. कि. रेनवाल, मैं सह शपथ बयान करता हूँ कि मेरे पुत्र बंटी वर्मा की जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में जन्म तिथि 01.01.2014 दर्ज है। जो कि सही है। उसकी अंक तालिका में भुलवश जन्मतिथि 01.01.2013 अंकित हो गई। जो कि गलत है। अत: भविष्य में उसकी जन्मतिथि 01.01.2014 को सही व सत्य माना जावें।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) कोटपूतली जिला कोटपूतली बहरोड
क्रमांक-भू.अ./24/5549 दिनांक-30.12.2024
विज्ञप्ति
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में माननीय न्यायालय अति. जिला कलेक्टर महोदय कोटपूतली द्वारा अपील विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 540 ग्राम नौरंगपुरा तहसील कोटपूतली द्वारा तहसीलदार महोदय कोटपूतली द्वारा दिनांक 30.03.2012 को किया गया था। जिसके बाबत प्रकरण तहसीलदार कोटपूतली में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में किसी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उज्र प्रस्तुत कर सकता है।
तहसीलदार (भू.अ.)
तहसील कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)

सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीहात
(ऑर्डर रूल 1 व 5 दीवानी)
अज अदालत सहायक कलेक्टर, सायला बमुकाम सायला ब-इजलास श्रीमान सुरजभान विश्नोई (RAS)
मुदई - पकाराम मुदायलाह - उजी वगैरा
दावा बाबत विभाजन, डिविजन ऑफ होल्डिंग एवं स्थाई निषेधाज्ञा
मुकदमा नम्बर - 85/ सन् 2024
मुसम्मी - 1. उजी पत्नि बगाराम 2.उतमाराम पुत्र मसराराम 3. कशनाराम पुत्र मसराराम 4. दाडमाराम पुत्र मसराराम 5. पंकुदेवी पुत्री मसराराम 6. प्यारीदेवी पुत्र मसराराम 7. पारसाराम पुत्र मसराराम 8. फुलाराम पुत्र मसराराम 9. मोबनदेवी पुत्री मसराराम 10. लीलाराम पुत्र मसराराम 11. बगतराराम पुत्र बगाराम 12. सांवलाराम पुत्र बगाराम 13. हंजाराम दत्तक पुत्र रामला जातियान मेघवाल निवासीगण चोराउ तहसील सायला जिला जालोर राज. । 32. राजस्थान सरकार भूमिधारी जरिये तहसीलदार सायला तहसील सायला जिला जालोर राज. हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् विभाजन, डिविजन ऑफ होल्डिंग एव अस्थाई निषेधाज्ञा का किया है , लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 10 माह 01 सन 2025 को दिन 11.00 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमा से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो । आगाह रहो कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हजारी में सुना व फैसला किया जायेग । बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 24 माह 12 सन 2024 को जारी किया गया ।
रीडर
मोहर
सहायक कलेक्टर (एस.डी. ओ.) सायला

पालिका बोर्ड की बैठक नहीं होने से विकास कार्य ठप

मनोहरपुर। नगर पालिक की बोर्ड की मीटिंग नहीं होने के कारण पार्षदों व आम नागरिकों के आवश्यक कार्य ठप पड़े हुए है।नगर का विकास कराने और समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर पालिका बोर्ड की बैठक प्रतिमाह होनी चाहिए। नगर पालिका अधिनियम की धाराओं में इसका प्रावधान है लेकिन मनोहरपुर में अधिनियम का पालन नहीं हो रहा है।एक वर्ष पूर्व यह मीटिंग हुई थी। इसके बाद कोई बैठक नहीं हुई है। जिससे पार्षद व आमजन अपने मुद्दे उठाने के लिए बैठक होने का इंतजार कर रहे हैं।

- करीब एक वर्ष से नहीं हुई पालिका की बोर्ड की बैठक

बैठक न होने से अहम मामलों में समय पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। ओर विकास कार्यों में भी देरी हो रही है। मनोहरपुर सीटी में सफाई व्यवस्था,कई जगहों पर खराब पड़ी रोड लाइटे,पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन की मरम्मत का मुद्दा हो या फिर नई नालियों व सड़कों के निर्माण का काम।इस दौरान पार्षद विमला बेनीवाल ने अपने वार्ड में पड़ी खाली जमीन पर पार्क बनवाने की भी मांग की है। एसे में वार्डो की गंभीर स्थिति देखने को मिल रही हैं।इन मुद्दों पर चर्चा नहीं हो सकी।वही कुत्तों के हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं पर कुत्ते पकड़ने पर पालिका कोई काम नहीं कर सकी क्योंकि बोर्ड की बैठक में अभी तक इसकी कोई चर्चा नहीं हुई। इन मुद्दों पर पालिका बोर्ड की बैठक होना जरूरी है। लेकिन प्रति महीने बोर्ड की बैठकें नहीं हो रही हैं। एक्ट का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

इस मामले में पार्षद पूजा प्रजापत का कहना है कि कई बार लिखित में अवगत कराकर कोरम की बैठक बुलाने की मांग की गई है किंतु इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस दौरान नीलम नायक ने बताया कि उनके वार्ड में सड़के अधूरी पड़ी हैं।नालिया क्षितग्रस्त है,सफाई के लिए बार बार कोल करना पड़ता है।

पार्षद गायत्री का कहना है कि पट्टे की फाइल जमा है रसीद मिल चुकी हैं मगर पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं।

आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण शीघ्र करें : मंत्री शर्मा

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को अलवर अपने निवास पर लोगों की जनसुनवाई कर परिवेदनाओं पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये है।

- अलवर निवास पर लोगों की सुनी समस्याएं फोन पर अधिकारियों को दिए निर्देश
- समस्याओं के साथ साथ स्थानांतरण को लेकर भी मिले लोग।

जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को देकर अवगत कराए ।

यदि परिवेदना का निराकरण उनके स्तर पर संभव नहीं है तो उसकी पूरी जानकारी फरियादी को दी जाए। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। जनसुनवाई में स्थानांतरण से संबंधित अधिकांश परिवेदनाएं आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई।

कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन : जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ने दिल्ली के कालकाजी सीट से भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी द्वारा एआईसीसी महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि अशोक सर्किल पर कांग्रेसजनों ने रमेश विधूड़ी के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला जलाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी से बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब हो गया है। विधूड़ी का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शीर्ष पदों पर बैठे भाजपा के नेता महिलाओं के प्रति घोर असंवेदनशील हैं। जबकि शास्त्रों में लिखा है यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता। सोचंती ज़ामयो यत्र, विन्यस तासु तत्कुलम ।। अतः मातृ शक्ति के खिलाफ ऐसी अभद्र टिप्पणी करने वाली पार्टी का विनाश तय है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक मांगेलाल मीणा, अजीत यादव, ग़फ़ूर खान, हीरेन्द्र शर्मा, चन्द्रभान गुर्जर, कमलेश सैनी, जीत कौर,लीली यादव, सुनीता शर्मा, रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जे डी आर्यन, अनवर साजिद, पुष्पेन्द्र धाबाई, प्रकाश गंगावत, इम्तियाज खान, सतीश पटेल, जमशेद खान, शिव सहाय मीणा, प्रशान्त राजा, प्रमेन्द्र शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, चेतराम बड़सीवाल, शीशराम कन्नौजिया, रहमत खान आदि उपस्थित रहे।

'सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से अपने बच्चों को बचाएं'

भानपुर कलां । ग्राम पंचायत बिलोद स्थित बाणगंगा नदी क्रिकेट मैदान पर चल रही मनोज व मुकेश स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार को समाजसेवी डॉ. विकास जैफ के मुख्य आतिथ्यामें सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में नटाटा टीम ने एमएमसी बिलोद को हराकर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

समापन कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. विकास जैफ ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, साथ ही आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना भी बढ़ती है।

डॉ. जैफ ने बच्चों को सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों से बचने की सलाह दी और बताया कि बच्चे अगर सोशल मीडिया की बजाय खेलों में रुचि लें तो उनका समग्र विकास हो सकता है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अक्सर गांवों में खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर नहीं मिलते, लेकिन ऐसे अवसरों से इन बच्चों का भविष्य संवर सकता है। समारोह में आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनके योगदान को सराहा।

बिलोद में मनोज व मुकेश स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ जैफ द्वारा प्रतियोगिता में विजेता रही नटाटा टीम को 31,000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता रही एमएमसी बिलोद टीम को 15,000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

समारोह में फूलचंद टीबाला, जयराम मीणा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बनवारी कसौटियां, हरिनारायण, गुल्ला राम, कैप्टन वीएस राघव, जनसंपर्क अधिकारी बीएल कांकरेलिया, अनूप यादव, छीतर गुरुजी, प्रभुदयाल मीना, बद्री मिट्टया, अशोक, चिमनलाल गुर्जर आदि ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद थे।

खुले नाले दे रहे हादसे को न्योता, पिकअप गिरी

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे के वार्ड न.7 मस्जिद के पास खुले नाले में रविवार की सुबह पानी सप्लाई करने वाली एक पिकअप गाड़ी गिर गई। वार्ड पार्षद शहनाज़ बानो सहित लोगों का आरोप है कि आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। कस्बे के वार्डो और मुख्य सड़क पर खुले नालों में मवेशी, लोग और गाड़ियां गिर जाती हैं।

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ फतेह सिंह मीणा सहित जनप्रतिनिधियों से इस बारे में 6 महिने में कम से कम दस बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पावटा कस्बे के वार्ड न.7 मस्जिद के पास मुख्य रास्ता अब जानलेवा बन चुका है। मुख्य मार्ग के बीच बने नाले के गंदे पानी की निकासी पर जाल गायब हैं। इसके अलावा इसे ढकने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। नाला खुला होने के कारण किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यहां से रात में गुजरने वाले वाहन के लिए भी बड़ा खतरा है, क्योंकि जरा सी चूक होने पर वाहन नाले में गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। मौहल्ले वासी वैध बनवारी लाल निरंकारी, हीरालाल इन्दोरिया, हंसराज सैन, चिराग खान, मुराद अली, मुखराम, साहिल खान सहित गांव के लोगों ने इस नाले को ढंकवाने की मांग की है। यह नाला पिछले कई माह से बिना जाल के ही पड़ा हुआ है। इससे हादसा होने की आशंका तो है ही, साथ ही नाले से निकलने वाली बदबू से भी स्थानीय व यहां से आने-जाने वाले लोगों के लिए आफत बनी हुई है। इसके अलावा कई मोटरसाइकिल सवार भी इसमें गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन पालिका प्रशासन ने इस ओर रुख नहीं किया है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द नाले पर जाल लगवाए जाएं ताकि लोगों को इस परेशानी से निजात मिल सके। इस बारे में पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ फतेह सिंह मीणा से जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने फोन उठाने तक की जहमत नहीं उठाई।

मानपुरा माचेड़ी : नेपाल के पोखरा में गत 2 और 3 जनवरी को आयोजित हुई इंडो नेपाल इंटरनेशनल यूथ युवा सीरीज 2024-25 में आमेर के रुण्डल निवासी सुरेश सैनी भारतीय टीम के फिजियोथेरेपिस्ट रहे। सुरेश लगातार भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।

अधिक ठंठ से बढ़े सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीज

पावटा। पिछले एक सप्ताह से सर्दी के तेवर अधिक होने से खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। स्थिति यह है कि उपजिला अस्पताल पावटा की ओपीडी में हर रोज एक हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

- ओपीडी भी एक हजार के पार
- अधिक ठंड के चलते सर्वाधिक बुरा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है

अधिक ठंड के चलते सर्वाधिक बुरा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। बता दें कि अलसुबह और रात के समय लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है। जबकि दिन के समय धूप खिलने की वजह से लोगों को हल्की गर्मी महसूस हो रही है। रात का पारा कम और दिन का पारा चढ़ने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जो लोग इसमें लापरवाही बरत रहे हैं, बीमारी की चपेट में आ रहे है। उपजिला अस्पताल की ओपीडी में हर रोज आने वाले मरीजों भीड़ देखी जा सकती है, इनमें छोटे बच्चों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। गांवों व शहर दोनों जगह मरीज बढ़ रहे है। वजह बढ़ती सर्दी के साथ सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में दर्द, सिरदर्द, शरीर में दर्द, तेज बुखार हो रहा है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज भी बड़ी संख्या में अस्पताल में आ रहे हैं। खानपान और रहन-सहन पर ध्यान दिया जाए तो बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। बुखार से बचने के लिए मच्छरों से बचे और घर और आसपास सफाई रखें, जिससे मच्छर न पनप सकें। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ खुशबू अग्रवाल, डॉ . रवि बंसल, डॉ. अशोक जाट, डॉ. रवि अंजली गुप्ता